THE MINISTER OF STATE. OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) The Twenty Point Programme 1986 continues to occupy the prime position it has enjoyed since its inception.

(b) Yes, Sir.

(c) The requisite information is given in the Annexure. *[See* Appendix CLXVIII, Annexure No 40]

आठवीं पंचवर्षीय योजना में सम्मिलित किए जाने के लिए गुजरात द्वारा भेजी गई परियोजनाएं

2514. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना में सम्मिलित किए जाने हेतु कोई परियोजनाएं /स्कीमें भेजी हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) किन-किन परियोजनाओं/स्कीमों को विश्व बैंक की सहायता के दायरे से बाहर रखे जाने का विचार है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरीधर गोमांगो) : (क) और (ख) गुजरात सरकार द्वारा उसके आठवीं पंचवर्षीय योजना परिव्यय के रूप में प्रस्तावित 10,200 करोड़ रुपए के परिव्यय के विपरीत योजना आयोग ने राज्य सरकार के परामर्श से राज्य की आठवीं योजना के लिए 11,500 करोड़ रुपए का परिव्यय नियत किया है । राज्य सरकार द्वारा उसकी आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-97) के लिए प्रस्तावित परिव्यय के पूरे ब्यौरे योजना दस्तावेज में उपलब्ध है जिसे संसद पुस्तकालय में रख दिया गया है ।

(ग) गुजरात में विश्व बैंक की सहायता से सत्रह परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं ।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जाना

2515. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए वृद्धि दर के संबंध में निर्धारित किये गए लक्ष्यों को इस योजना के पहले दो वर्ष में पूरा नहीं किया जा सका था;

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं;

(ग) पिछले दो वर्षों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए, क्या सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के स्वरूप में कतिपय परिवर्तन करने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं, और

(ङ) विगत दो वर्षों के दौरान वृद्धि दर के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति न होने कारण देश को हुई क्षति को पूरा करने के लिए क्या सरकार का योजना के शेष बचे वर्षों के लिए लक्ष्यों को पुनः निर्धारित करने का विचार है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरीधर गोमांगो) : (क) और (ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के पांच वर्ष की अवधि के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की लक्षित विकास दर औसतन 5.6 प्रतिशत है । केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (सी एस ओ) के अग्रिम अनुमानों के अनुसार वर्ष 1992-93 में अर्थात् योजना के प्रथम वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद में विकास लगभग 4.2 प्रतिशत होने की संभावना है । 1993-94 के लिए अनुमान उपलब्ध नहीं है ।

(ग) और (घ) पंचवर्षीय योजनाएं वार्षिक योजनाएं द्वारा परिवर्धित की जाती है जिन्हें चालू वार्षिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष तैयार किया जाता है ।

(ङ) पंचवर्षीय योजना के लक्ष्यों को केवल पांच वर्ष की अवधि के औसत पर तैयार किया जाता है न कि वार्षिक आधार पर । आठवीं पंचवर्षीय योजना के विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर लिए जाने की सम्भावना है ।

Performance of projects under monitoring

2516 DR SANJAYA SINH : Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) the total number of projects under monitoring as on date which were progressing ahead of schedule, the total number of projects which were on schedule and the total number of projects which were behind schedule; and

(b) the cost escalation as on date of the projects under monitoring ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) As on 1-4-93, three hundred and fifty three (353) projects are under monitoring. Of these, one (1) project is ahead of the schedule, 165 projects are on schedule and 187 projects are behind schedule with respect to their latest approved dates of commissioning.

(b) The average cost escalation in all the 353 projects under monitoring is 38.9% with respect to their latest approved costs.